# बिहार विधान परिषद् सचिवालय

## आवश्यक सूचना

**विज्ञापन सं.-01/2019** 10.02.2020

1. बिहार विधान परिषद् सचिवालय के विज्ञापन सं.-01/2019 के आलोक में निजी सहायक एवं आशुलिपिक के पदों पर सीधी भर्ती हेतु दिनांक 27.11.2019 एवं 28.11.2019 को आयोजित हिन्दी आशुलेखन परीक्षा का परीक्षफल बिहार विधान परिषद् के वेबसाईट पर प्रकाशित है।
2. हिन्दी आशुलेखन परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों का अगले चरण की हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण परीक्षा (कम्प्यूटर आधारित) एवं एम.एस. वर्ड प्रोसेसिंग परीक्षा दिनांक 15.02.2020 को पटना स्थित केन्द्रों में आयोजित है।
3. प्रवेश-पत्र (Admit Card) दिनांक 11.02.2020 को 12:00 बजे मध्या. से बिहार विधान परिषद् की वेबसाईट http://www.biharvidhanparishad.gov.in पर उपलब्ध होगा। अभ्यर्थी अपने Registration Id एवं Password के द्वारा ऑनलाईन लॉग-ईन के माध्यम से प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

**अभ्यर्थियों को डाक से (by Post) इसकी सूचना निर्गत नहीं की जाएगी।**

---

## परीक्षार्थियों हेतु दिशा-निर्देश

**Step wise Procedure for Typing on Computer**

- Key board layout will be Remington for both Hindi and English Typing Test. Font will be Kruti Dev 10 for Hindi and Times New Roman for English.
  हिन्दी और अंग्रेजी दोनों के लिए की–बोर्ड का लेआउट रेमिंगटन होगा। हिन्दी के लिए फॉन्ट कुतिदेव 10 तथा अंग्रेजी के लिए टाईम्स न्यू रोमन होगा।
- Editing tools in the computer will be disabled in the test environment. Following keys will be disabled :
  टाइपिंग टेस्ट के समय कम्प्यूटर के एडिटिंग टूल्स काम नहीं करेगा। निम्नलिखित 'की' काम नहीं करेगा :–

  a. Escape Key || इस्कैप की
  b. All function Keys (F1 to F12) || सभी पंक्शन की एफ1 से एफ12
  c. TAB || टैब
  d. Caps Lock || कैप्स लॉक
  e. Windows Key (Left & Right) || विंडोज की दायां एवं बांयां
  f. Ctrl Key (Left + Right) || कंट्रोल की दायां एवं बायां
  g. Backspace || बैक स्पेस
  h. Insert || इंसर्ट
  i. Delete || डिलिट
  j. Home || होम
  k. End || इंड
  l. Page Up || पेज अप
  m. Page Down || पेज डाउन
  n. Num Pad keys(1, 2, 3,4, 7,8,9,0,/,*,-,+, Enter,.) || नम की पैड (1,2,3,4,5,6,7,8,9,0,/,*,-,+,Enter,.)
  o. Left, Right, Up & Down Arrow Key || ऐरो की

- .Additionally, the following features will also be disabled/inaccessible:-
  इसके अतिरिक्त, निम्नलिखित सुविधाएं भी नहीं होगा :

  i. Menu bar in Internet Explorer will not be accessible.
  मेनू पट्टी में इंटरनेट एक्सप्लोरर की सुविधा अक्षम रहेगा।
  ii. Internet Explorer window will not be allowed to be closed
  इंटरनेट एक्सप्लोरर विंडो को बंद करने की अनुमति नहीं होगी।
  iii. Internet Explorer navigation buttons will be disabled.
  इंटरनेट एक्सप्लोरर निगेटिवस बटन अक्षम रहेगा।

4. भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर संदर्भ हेतु परीक्षार्थी प्रवेश-पत्र की प्रति अलग से अपने पास रखेंगे। परीक्षा की समाप्ति के पश्चात प्रवेश-पत्र परीक्षार्थियों से जमा करा दिया जाएगा।
5. परीक्षार्थी प्रवेश-पत्र पर अंकित सभी अनुदेशों का अवश्य अध्ययन करेंगे और उसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।
6. परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश-पत्र एवं पहचान-पत्र (मतदाता पहचान-पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, आधार कार्ड या ई-आधार (कलर प्रिंट) आदि के साथ उपस्थित होंगे।
7. प्रवेश-पत्र एवं पहचान-पत्र (मूल प्रति में) के बिना परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। पहचान-पत्र की छायाप्रति मान्य नहीं होगी।

8. परीक्षार्थी परीक्षा के निर्धारित समय से 60 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पहूंचेंगे। परीक्षार्थी प्रवेश-पत्र में दिए गए समय का निश्चित रूप से अनुपालन करेंगे। परीक्षा केन्द्र के गेट बंद होने की निर्धारित समय सीमा के बाद परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

9. परीक्षा केन्द्र में घड़ियां, पुस्तकें, कागज के टुकड़े, पत्रिकाएं, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स तथा मोबाईल फोन, ब्लूटुथ डिवाइस, हेडफोन, पेन- बटन होल कैमरा, स्कैनर, कैलकुलेटर, स्टोरेज डिवाइस, डिजिटल डायरी, प्रतिबंधित दवाएं आदि लाना सख्त वर्जित है। यदि ऐसी कोई सामग्री अभ्यर्थी के पास पायी जाती है तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है और उसके विरूद्ध कानूनी/आपराधिक कार्रवाई आरम्भ की जा सकती है।

10. परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र पर तलाशी की प्रक्रिया से गुजरना होगा।

11. परीक्षार्थी अपनी उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन में दर्ज करेंगे अन्यथा उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा।

12. परीक्षार्थियों को किसी भी परिस्थिति में वीक्षक की अनुमति प्राप्त किए बिना बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई परीक्षार्थी वीक्षक/पर्यवेक्षक की अनुमति प्राप्त किए बिना बाहर जाते हैं तो उन्हें पुनः प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा।

13. यदि किसी तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारणवश परीक्षा विलम्ब से शुरू होती है या बीच में बाधित हो जाती है तो अभ्यर्थियों को परीक्षा पदाधिकारी द्वारा दिए जाने वाले अनुदेशों का अनुसरण करना अनिवार्य होगा। उन्हें समस्या का उपयुक्त समाधान होने तक धैर्यपूर्वक प्रतिक्षा करनी पड़ सकती है।

14. किसी जानकारी हेतु ई-मेल आई.डी. bvphelpdesk@gmail.com पर परीक्षा की तिथि से एक दिन पूर्व तक संपर्क कर सकते हैं।

15. किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केन्द्र बदलने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। परीक्षा केन्द्र पर आने-जाने हेतु कोई भत्ता देय नहीं होगा।

कोई भी सरकारी अथवा गैर सरकारी बाह्य व्यक्ति बिहार विधान परिषद् सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर आपसे सम्पर्क स्थापित कर ठगी करने का प्रयास करते हैं तो ऐसे तत्वों के संबंध में अविलंब दूरभाष संख्या- 06122215667 तथा ई- मेल: blc-bih@nic.in पर सूचित करें। ऐसे तत्वों से संलिप्तता पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ह./-
**(विनोद कुमार)**
कार्यकारी सचिव
बिहार विधान परिषद्